फाइल सं.20014/02/2022-रा.भा.(का-2)

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

राजभाषा विभाग

****

'बी' विंग, चतुर्थ तल,
नई दिल्ली सिटी सेंटर-II भवन,
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
दिनांक:12/01/2023

कार्यालय ज्ञापन

विषय: केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 44वीं बैठक का कार्यवृत्त।

सचिव, राजभाषा विभाग की अध्यक्षता में केन्द्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 44वीं बैठक का आयोजन दिनांक 15, 16 एवं 22 नवंबर, 2022 को राजभाषा विभाग, नई दिल्ली में किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु सभी मंत्रालयों/विभागों के कार्यों की समीक्षा करना है।

इस समीक्षा बैठक में सभी मंत्रालय/विभागों द्वारा प्रषित तिमाही प्रगति रिपोर्ट में दी गई सूचनाओं की समीक्षा की गई, कमियों को चिन्हित किया गया, लक्ष्यों में आई कमी पर चर्चा की गई, तथा सुधार हेतु सभी विचारों को साझा किया गया। बैठक के कार्यवृत्त को राजभाषा विभाग की वेबसाइट www.rajbhasha.nic.in के अद्यतन सूचनाएं लिंक पर देखा जा सकता है।

प्रत्येक मंत्रालय/विभागों की तिमाही प्रगति रिपोर्ट में पाई गई कमियां, राजभाषा हिंदी के उत्तरोत्तर कार्यान्वयन हेतु दिशा-निर्देश एवं मंत्रालयों/विभागों द्वारा दिए गए आश्वासनों पर 01 माह के अदर अनुवर्ती कार्रवाई कर राजभाषा विभाग को सूचित करें।

12/01/2023

(बी.एल.मीना)
निदेशक(का.)
दूरभाष: 23438143

संलग्न: यथोपरि

प्रति:-

1. केन्द्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति से संबंधित मंत्रालय/विभाग (सूची संलग्न) के संयुक्त सचिव (प्रशा.)।
2. राजभाषा विभाग के सभी अधिकारी/अनुभाग/डेस्क।

प्रतिलिपि सूचनार्थ:-

1. सचिव, राजभाषा विभाग के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव।
2. संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग के निजी सचिव।

भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग (का.-2)
***

केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 44वीं बैठक का कार्यवृत्त

राजभाषा विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष मंत्रालयों/विभागों में राजभाषा के कार्यान्वयन की स्थिति की समीक्षा करने के लिए केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कॉलिक) की बैठक का आयोजन किया जाता है। इस कड़ी में वर्ष 2021-22 की तिमाही प्रगति रिपोर्ट के आधार पर कॉलिक की 44वीं बैठक का आयोजन 15, 16 नंवबर तथा 22 नवंबर, 2022 के बीच सचिव, राजभाषा विभाग, श्रीमती अंशुली आर्या की अध्यक्षता में किया गया।

2- भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में राजभाषा के कार्यान्वयन से संबंधित विस्तृत चर्चा के लिए उक्त बैठक में 79 मंत्रालयों/विभागों (सूची अनुलग्नक 'क' पर) के संयुक्त सचिवों एवं वरिष्ठ राजभाषा अधिकारियों को आमंत्रित किया गया। उपस्थित अधिकारियों/कार्मिकों की सूची अनुलग्नक 'ख' पर उपलब्ध है। साथ ही राजभाषा विभाग से भाग लेने वाले अधिकारी/कर्मचारी की सूची अनुलग्नक 'ग' पर है।

3- सचिव, राजभाषा विभाग ने बैठक में उपस्थित सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए अपने संबोधन में कहा कि केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक वर्ष में एक बार आयोजित की जाती है, जिसका उद्देश्य केंद्र सरकार के मंत्रालयों एवं विभागों में संघ की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन की समीक्षा करना तथा सरकारी प्रयोजनों के लिए राजभाषा हिंदी का प्रगामी प्रयोग बढ़ाना है। बैठक का मुख्य उद्देश्य संघ की राजभाषा नीति, कानूनी प्रावधानों, संसदीय राजभाषा समिति द्वारा माननीय राष्ट्रपति महोदय को प्रस्तुत सिफारिशों आदेशों आदि की समीक्षा करना है। इनका पालन करना हम सबका उत्तरदायित्व है। इससे पहले सचिव, राजभाषा विभाग की अध्यक्षता में इस प्रकार की 43 बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। आगे उन्होंने यह भी अवगत करवाया कि राजभाषा हिंदी के प्रयोग की जो स्थिति दिल्ली स्थित मंत्रालयों/विभागों में होना चाहिए वैसी अभी नहीं हुई है। इस संबंध में सचिव, राजभाषा विभाग ने अनुच्छेद 343 तथा 351 का विशेष रूप से उल्लेख किया। सचिव महोदया ने सबको संबोधित करते हुए कहा कि हम सबको इस दिशा में मिलकर सार्थक प्रयास करना है। उन्होंने सरकारी कामकाज में सरल हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि बैठक का उद्देश्य एक-दूसरे की कमियां ढूंढना या दोषारोपण करना नहीं है अपितु मिल-बैठकर अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए उपाय तलाशना है। वर्तमान में राष्ट्र में हिंदी के अनुकूल वातावरण है। हिंदी भाषा को जन-जन की आकांक्षाओं को पूरा करना है।

4- सचिव महोदया द्वारा सभी प्रतिभागियों को अपना परिचय देने को कहा गया जिसके उपरांत उन्होंने कहा कि इस बैठक में सभी मंत्रालयों के उच्च अधिकारियों के साथ सीधा संवाद करने का हमें अवसर मिलता है और वे हिंदी के कार्यान्वयन में आ रही समस्याओं पर विचार-विमर्श कर सकते हैं और सुझाव दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि माननीय गृह मंत्री जी ने राजभाषा हिंदी के प्रयोग पर बहुत बल दिया है। उन्होंने बताया कि संघ का राजकीय कार्य हिंदी में करने के लिए राजभाषा विभाग द्वारा प्रत्येक वित्त वर्ष के लिए एक वार्षिक कार्यक्रम जारी किया जाता है जिसमें निर्धारित लक्ष्यों को सभी मंत्रालयों/विभागों द्वारा प्राप्त करना अपेक्षित होता है। उन्होंने उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों से राजभाषा संबंधी सभी कार्यकलापों में व्यक्तिगत रुचि लेते हुए सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने की ओर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया।

5 तत्पश्चात, श्री बी.एल.मीना, निदेशक (कार्यान्वयन) ने सभी प्रतिभागियों को राजभाषा संबंधी महत्वपूर्ण नियमों एवं प्रावधानों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत 14 दस्तावेज अनिवर्यत: द्विभाषी जारी किए जाने अपेक्षित हैं। उन्होंने इस बात की ओर सभी प्रतिभागियों का ध्यान आकृष्ट किया कि यदि कोई कार्यालय धारा 3(3) का अनुपालन नहीं करता है तो वह राजभाषा विभाग की ओर से दिए जाने वाले राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय स्तर के पुरस्कारों से पूर्णत: वंचित हो जाता है। साथ ही यदि कार्यालय राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन नहीं करता है तो पुरस्कारों के मूल्यांकन के समय उसके 10 अंक काट लिए जाते हैं जिससे वह पुरस्कारों की श्रेणी से लगभग बाहर हो जाता है। उन्होंने अनुरोध किया कि सभी मंत्रालय/विभाग अपनी ऑनलाइन तिमाही प्रगति रिपोर्ट निर्धारित समय-सीमा अर्थात एक महीने के अंदर, प्रमाण पत्र सहित भेजना सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने तिमाही रिपोर्ट में ध्यानपूर्वक सही और तथ्यपरक आंकड़े भरने का भी अनुरोध किया।

5(i) निदेशक (कार्यान्वयन) ने यह भी अनुरोध किया कि वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित किए गए लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने बताया कि सभी मंत्रालयों/विभागों के लिए अपनी वेबसाइट पूर्णत: द्विभाषी रूप में उपलब्ध कराई जानी अपेक्षित है। हिंदी कार्यशालाओं के बारे में उन्होंने बताया कि कार्यशाला पूर्ण दिवसीय हो और इसका दो तिहाई समय अभ्यास के लिए होना चाहिए। मंत्रालयों/विभागों में शेष अधिकारियों/कार्मिकों का यथाशीघ्र प्रशिक्षण आवश्यक है क्योंकि हिंदी शिक्षण योजना के अंतर्गत वर्ष 2025 तक हिंदी में अप्रशिक्षित सभी कार्मिकों को प्रशिक्षित किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। अत: जिन कार्मिकों को इन प्रशिक्षणों में नामित किया जाता है, उन्हें प्रशिक्षण हेतु कार्यमुक्त भी किया जाना चाहिए। सभी कंप्यूटरों में द्विभाषी कार्य में काम करने की सुविधा उपलब्ध हो ताकि कार्मिकों को हिंदी में काम करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। विंडो-7 एवं उसके बाद के कंप्यूटरों में इनबिल्ट द्विभाषी सुविधा बाई डिफाल्ट पहले ही से उपलब्ध है, केवल उन्हें यूनिकोड इनेबल करने की आवश्यकता है।

5(ii) तत्पश्चात उप निदेशक (नीति) द्वारा स्मृति आधारित सॉफ्टवेयर टूल कंठस्य 2.0 का प्रस्तुतीकरण किया। उन्होंने बताया कि "कंठस्थ" एक स्मृति आधारित अनुवाद सॉफ्टवेयर है जिसे राजभाषा विभाग ने सी –डैक, पुणे की सहायता से विकसित किया है। इसका लोकार्पण वर्ष 2018 में मॉरीशस में किया गया।

इसमें एक अनुवाद स्मृति (टीएम) डाटाबेस होता है जो अनूदित डाटा को संगृहीत करता है। अनुवाद के लिए प्रणाली के प्रत्येक अनुवर्ती प्रयोग के साथ टीएम डाटाबेस लगातार समृद्ध होता जाता है। कंठस्थ को अब और भी उन्नत बनाया गया है इसके उन्नत संस्करण "कंठस्थ 2.0" का लोकार्पण 14 सितंबर, 2022 को आयोजित हिंदी दिवस एवं द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मलेन, सूरत में माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी द्वारा किया गया। "कंठस्थ 2.0" में न्यूरल मशीन अनुवाद, स्पीच टू टेक्स्ट अर्थात वॉयस टाइपिंग और चैट बोट सेवा जैसी कुछ अतिरिक्त विशेषताएँ समाविष्ट की गई हैं।

उन्होंने यह भी बताया की यह टूल सरकारी कामकाज में अत्यधिक मात्रा में नियमित आधार पर किए जाने वाले अनुवाद कार्यों (हिंदी से अंग्रेजी या अंग्रेजी से हिंदी) में लगने वाले श्रम और समय को बचाने में उपयोगी साबित होगा। साथ ही उन्होंने मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों आदि से अनुरोध किया की वे इस स्वदेशी अनुवाद टूल का अधिकतम प्रयोग सुनिश्चित करवाने के लिए समुचित दिशा-निर्देश जारी कर इस नि:शुल्क टूल का लाभ उठाएं।

बैठक से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदु:

1. सभी मंत्रालय/विभाग अपनी-अपनी तिमाही प्रगति रिपोर्ट समय से भरें। प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के 30 दिनों के भीतर रिपोर्ट तथा अपने एच.ओ.डी. से हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र (मुहर सहित) भरवाना सुनिश्चित करें।
2. तिमाही प्रगति रिपोर्ट भरने में आ रही किसी भी समस्या के लिए विभाग के वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार श्री केवल कृष्ण से संपर्क करें।
3. रिपोर्ट में धारा 3(3) एवं नियम-5 का उल्लंघन न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए।
4. हिंदी सलाहकार समिति का गठन करवाएं। गठन के उपरांत वर्ष में दो बैठकें करवाना सुनिश्चित करवाएं।
5. वेबसाइट पूर्णत: द्विभाषी करवांए। अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी को भी हमेशा अपडेट करवाना सुनिश्चित करवाएं।
6. वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मूल कार्य हिंदी में हो।
7. कंप्यूटर को द्विभाषी करवाएं।
8. अप्रशिक्षित कर्मचारियों का हिंदी में प्रशिक्षण सुनिश्चित करवाएं।
9. भविष्य में आयोजित होने वाली कॉलिक की बैठकों में संयुक्त सचिव व समकक्ष अधिकारी अवश्य उपस्थित हों।
10. सभी मंत्रालय/विभाग अपने-अपने यहां हिंदी में चल रही मौलिक पुस्तक योजना या कोई अन्य राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी की पुरस्कार योजना का विवरण राजभाषा विभाग को उपलब्ध करवाएं।

इसके उपरांत, पॉवर प्वांइट प्रेजेनटेशन (पीपीटी) के माध्यम से सभी मंत्रालयों/विभागों द्वारा राजभाषा विभाग को प्रेषित वर्ष 2021-22 की तिमाही प्रगति रिपोर्ट में दी गई सूचना के आधार पर समीक्षा की गई। मंत्रालयवार/विभागवार समीक्षा के मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं:-

6.1 अंतरिक्ष विभाग

अंतरिक्ष विभाग द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया। अंतरिक्ष विभाग द्वारा 'क' और 'ख' क्षेत्रों में लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। 'ग' क्षेत्र में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त किया गया है तथा फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य भी प्राप्त किया गया है। अंतरिक्ष विभाग की प्रतिनिधि ने अपने विभाग के वैज्ञानिकों द्वारा हिंदी में लिखित पुस्तकें सचिव, राजभाषा विभाग को भेंट की। सचिव, राजभाषा विभाग ने अंतरिक्ष विभाग के प्रयासों की सराहना की। अंतरिक्ष विभाग के विशेष कार्य अधिकारी ने हिंदी सलाहकार समिति के संबंध में सूचित किया कि अंतरिक्ष विभाग एवं परमाणु ऊर्जा विभाग की संयुक्त सलाहकार समिति गठित है। विभाग की वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ पर दी गई सूचना आंशिक रूप में हिंदी में उपलब्ध नहीं होने के बारे में विभाग के प्रतिनिधि ने बताया कि इसे पूर्णत: द्विभाषी करने का कार्य किया जा रहा है। अंतरिक्ष विभाग के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.2 अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) एवं राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। समीक्षा में पाया गया कि मंत्रालय ने 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है और न ही फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है। इस मंत्रालय में हिंदी में काम करने वाले आशुलिपिकों की प्रतिशतता 52.94 है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। प्रतिनिधि ने बताया कि इनके मंत्रालय में संयुक्त निदेशक के पद रिक्त हैं। सचिव महोदया ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द इसे भरने का प्रयास करेंगे। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.3 आयुष मंत्रालय

मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) का अनुपालन किया गया है परंतु राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का उल्लंघन हुआ है। 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है और न ही फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है। अधिकारियों/कर्मचारियों के हिंदी ज्ञान की प्रतिशतता अच्छी है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। मंत्रालय की वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ पर अधिकांश लिंक की सूचना हिंदी में नहीं दी गई है। मंत्रालय के प्रतिनिधि ने भविष्य में अच्छे परिणाम देने का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी बताया कि उनके मंत्रालय की नई वेबसाइट तैयार की जा रही है जो 1-2 महीने में तैयार हो जाएगी। प्रतिनिधि ने बताया कि संयुक्त निदेशक एवं उप निदेशक के पद रिक्त होने की वजह से आंकड़ों में कमी आई है। विभाग द्वारा आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द इसे भरने का प्रयास करेंगे। आयुष मंत्रालय के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.4 आर्थिक कार्य विभाग

आर्थिक कार्य विभाग की समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि विभाग द्वारा धारा 3(3) एवं राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है में लेकिन हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है और न ही फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है। अधिकारियों/कर्मचारियों के हिंदी ज्ञान की प्रतिशतता शत-प्रतिशत है। सचिव, राजभाषा विभाग ने आर्थिक कार्य विभाग में हिंदी में पत्राचार की खराब स्थिति पर अप्रसन्नता व्यक्त की। इस पर विभाग के संयुक्त सचिव ने सूचित किया कि उनके विभाग में ज्यादातर काम अंतर्राष्ट्रीय संगठनों, विश्व बैंक, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ होता है इसलिए उनके यहां हिंदी पत्राचार का प्रतिशत कम है। प्रतिनिधि ने बताया कि 25 वर्षों में प्रथम बार सेबी का राजभाषा निरीक्षण करवाया गया है। उन्होंने अपने विभाग में हिंदी के रिक्त पदों को भरने का अनुरोध किया। आर्थिक कार्य विभाग की वेबसाइट पूर्णत: द्विभाषी नहीं पाई गई। आर्थिक कार्य विभाग एवं वितीय सेवाएं विभाग की संयुक्त हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। आर्थिक कार्य विभाग के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.5 आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय

मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क' और 'ख' क्षेत्रों में लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। 'ग' क्षेत्र में हिंदी में पत्राचार के लिए लक्ष्य प्राप्त किया गया है। मंत्रालय द्वारा फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है जो कि सराहनीय है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। मंत्रालय की वेबसाइट द्विभाषी न होने पर उन्होंने बताया कि वेबसाइट को द्विभाषी करने का काम चल रहा है। मंत्रालय के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.6 इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। मंत्रालय द्वारा 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है और न ही फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है। मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने बताया कि चूंकि मंत्रालय का कार्य तकनीकी प्रकृति का है इसलिए पत्राचार में अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं हुई है। इस पर मंत्रालय के प्रतिनिधि ने बताया कि हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। मंत्रालय के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.7 इस्पात मंत्रालय

समीक्षा में पाया गया कि मंत्रालय द्वारा धारा 3(3) एवं नियम 5 का अनुपालन किया गया है 'क' और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है जबकि 'ग' क्षेत्र में लक्ष्य प्राप्त किया गया है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है।

अधिकारियों/कर्मचारियों के हिंदी ज्ञान की प्रतिशतता शत-प्रतिशत है। हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो चुका है। हिंदी में काम करने वाले आशुलिपिकों एवं टंकको की प्रतिशतता भी शत-प्रतिशत है। मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट के अधिकतर लिंक में दी गई सूचना केवल अंग्रेजी में है। इस्पात मंत्रालय के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.8 उच्चतर शिक्षा विभाग

उच्चतर शिक्षा विभाग की रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। प्रतिनिधि ने बताया कि तकनीकी खामियों की वजह से नहीं हो पायी है। इस पर सचिव महोदया ने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि जल्द से जल्द अपनी खामियों का पूरा करें और रिपोर्ट भिजवाएं। हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। विभाग के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.9 उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) का अनुपालन किया गया है लेकिन राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का उल्लंघन किया गया है। 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है और न ही फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है जब कि शत-प्रतिशत कार्मिकों को हिन्दी का ज्ञान है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। मंत्रालय की वेबसाइट के अधिकतर लिंक में दी गई सूचना केवल हिन्दी में नहीं है। इनके प्रतिनिधि ने बताया कि मंत्रालय की ओर से तिमाही रिपोर्ट के आंकड़े त्रुटिपूर्ण भेज दिए गए हैं जिसकी पुनरावृत्ति भविष्य में नहीं होगी। मंत्रालय के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.10 उपभोक्ता मामले विभाग

इस विभाग की समीक्षा के दौरान पाया गया कि विभाग द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन नहीं किया गया है। मंत्रालय द्वारा 'क', 'ख' और 'ग' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट के अधिकतर लिंक में दी गई सूचना केवल अंग्रेजी में है। विभाग के प्रतिनिधि ने बताया कि उनके विभाग में अधिकतम काम हिंदी में होता है। उन्होंने बताया कि उनके विभाग के सचिव और मंत्री जी हिंदी में काम करते हैं इसलिए उपभोक्ता मामले विभाग में हिंदी पत्राचार में वृद्धि हो रही है और इसे और अधिक बढ़ाने का काम चल रहा है। विभाग के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.11 उर्वरक विभाग

उर्वरक विभाग द्वारा नियम (5) एवं धारा 3(3) का अनुपालन किया गया है। 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया गया है और न ही फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है जब कि शत-प्रतिशत कार्मिकों को हिन्दी का ज्ञान है। विभाग की हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट के कुछ लिंक में दी गई सूचना केवल अंग्रेजी में है। विभाग के प्रतिनिधि ने बताया कि पूर्व में उनके विभाग द्वारा सही आंकड़े नहीं दिए गए थे जिसमें अब सुधार कर लिया गया है। उर्वरक विभाग के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.12 उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग

मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का पूर्ण अनुपालन किया गया है। विभाग द्वारा 'क' और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। 'ग' क्षेत्र में लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट के कुछ प्रमुख लिंक में दी गई सूचना केवल अंग्रेजी में है। विभाग से आए प्रतिनिधि ने बताया कि उनका विभाग लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में प्रयासरत है। विभाग के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.13 औषध विभाग

औषध विभाग की समीक्षा में पाया गया कि विभाग द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। विभाग के संयुक्त सचिव ने हिंदी पत्राचार बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि विभाग में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जा रही हैं। विभाग की वेबसाईट हिंदी में नहीं खुलती है। निविदा एवं भर्ती लिंक की सूचना हिंदी में उपलब्ध नहीं है। विभाग की हिंदी सलाहकार समिति का गठन नहीं हुआ है। विभाग के प्रतिनिधि ने कमियां को दूर करने का आश्वासन दिया। विभाग के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.14 कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग की समीक्षा में पाया गया कि विभाग द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। विभाग द्वारा 'क', 'ख' और 'ग' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है लेकिन

'ग' क्षेत्र में लक्ष्य प्राप्त किया गया है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है जबकि शत-प्रतिशत कार्मिकों को हिन्दी का ज्ञान है। विभाग के प्रतिनिधि ने बताया कि उनके विभाग द्वारा विदेशों में पत्र भेजे जाते हैं जिसके कारण हिंदी में कम काम होता है। समीक्षा में पाया गया कि मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन नहीं किया गया है। विभाग की वेबसाइट के कुछ लिंक में दी गई सूचना केवल अंग्रेजी में है।

सचिव, राजभाषा विभाग ने विभाग के प्रतिनिधि को निर्देश दिए कि वह अपने विभाग के अपर सचिव को राजभाषा कार्यान्वयन की कमियों को बारे में अवगत करवाएं और इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करें। कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.15 कृषि सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग

विभाग द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। विभाग द्वारा 'क' और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। जबकि 'ग' क्षेत्र में लक्ष्य प्राप्त किया गया है। लगभग शत-प्रतिशत कार्मिकों को हिन्दी का ज्ञान है। विभाग द्वारा 'ग' क्षेत्र में लक्ष्य प्राप्त किया गया है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। विभाग की वेबसाइट के अधिकतर लिंक में दी गई सूचना केवल अंग्रेजी में है। विभाग की वेबसाइट को द्विभाषी बनाने का भी काम चल रहा है और जल्द ही इसे पूर्णत: द्विभाषी और अद्यतन कर लिया जाएगा। प्रतिनिधि ने बताया कि हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु प्रतियोगिताएं बढाई गई हैं। कृषि सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आशवासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.16 कारपोरेट कार्य मंत्रालय

मंत्रालय में राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। विभाग द्वारा 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। मंत्रालय में फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है जबकि शत-प्रतिशत कार्मिकों को हिन्दी का ज्ञान है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। मंत्रालय की वेबसाइट के कतिपय लिंक में दी गई सूचना केवल अंग्रेजी में है। तकनीकी प्रकार का मंत्रालय है इस कारण से कठिनाई है, फिर भी कोशिश करेंगे। एनआईसी के साथ बैठक की गई है और उनसे अनुरोध किया गया है कि द्विभाषी डाटा अपलोड करें। हम शीघ्र ही वेबसाइट द्विभाषी कर लेंगे। कारपोरेट कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.17 कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग

मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है और न ही फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है। सचिव, राजभाषा विभाग ने विभाग में राजभाषा कार्यान्वयन की स्थिति पर अप्रसन्नता व्यक्त की। विभाग में हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट के अधिकतर लिंक में दी गई सूचना केवल अंग्रेजी में है। उन्होंने बताया कि उनके विभाग में ई ऑफिस में कार्य होने के कारण हिंदी में काम कम हो पा रहा है। उन्होंने बताया कि विभाग में सहायक निदेशक (रा.भा.) का पद खाली है उन्होने कहा कि विभाग की वेबसाइट का पूरी तरह से द्विभाषी होना मुश्किल है क्योंकि अधिकतर लिंक तकनीकी प्रकृति के हैं। तथापि, इस दिशा में काम चल रहा है। विभाग की प्रतिनिधि ने सुझाव दिया कि केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के सहायक निदेशकों का प्रशिक्षण भी आईएसटीएम की तर्ज पर होना चाहिए और अन्य राजभाषा कार्मिकों को भी समय-समय पर प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।

सचिव, राजभाषा विभाग ने कहा कि अन्य संवर्गों की भांति राजभाषा संवर्ग में भी रिक्त पदों की समस्या है लेकिन राजभाषा विभाग द्वारा विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में राजभाषा के रिक्त पदों को भरने के लिए यथा संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार का एक नोडल विभाग है, इसलिए राजभाषा कार्यान्वयन के कार्य में अपेक्षित सुधार लाया जाना आवश्यक है। विभाग ने कहा कि शिक्षा विभाग का एक विशेष दायित्व है कि वह हिंदी को आगे बढ़ाए। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.18 कोयला मंत्रालय

मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है और न ही फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है जबकि शत-प्रतिशत कार्मिकों को हिन्दी का ज्ञान है। मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का गठन कर दिया गया है। मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट के अधिकतर लिंक में दी गई सूचना केवल अंग्रेजी में है। मंत्रालय के प्रतिनिधि ने आश्वासन दिया। बैठक में कोल इंडिया लिमिटेड की तकनीकी शब्दावली की सराहना भी सचिव महोदया द्वारा की गई । मंत्रालय के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.19 खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग

मंत्रालय से कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं थे। इस कारण उनके मंत्रालय की मदों पर चर्चा/समीक्षा नहीं की जा सकी। सचिव, राजभाषा विभाग ने मंत्रालय को पत्र भेजने के निर्देश दिए।

6.20 खाद्य एवं प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय

मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। मंत्रालय द्वारा 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है और न ही फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। मंत्रालय की वेबसाइट के सभी लिंक की सूचना केवल अंग्रेजी में है। विभाग के प्रतिनिधि ने बताया कि उनके मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति के पुनर्गठन की प्रक्रिया चल रही है। उनके मंत्रालय में ई-आफिस में काम होता है जिस के कारण हिंदी में कार्य की प्रतिशतता कम है। मंत्रालय के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.21 खान मंत्रालय

खान मंत्रालय की समीक्षा में पाया गया कि राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। खान मंत्रालय द्वारा 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है और न ही फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है जबकि शत-प्रतिशत कार्मिकों को हिन्दी का ज्ञान है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट के अधिकतर लिंक में दी गई सूचना केवल अंग्रेजी में है। मंत्रालय से आए प्रतिनिधि ने सूचित किया कि वेबसाइट की सामग्री की समीक्षा की जा रही है और शीघ्र ही अद्यतित वर्जन अपलोड किया जाएगा। उन्होने वतर्मान तिमाही में राजभाषा कार्यान्वयन में उल्लेखनीय सुधार लाने का आश्वासन दिया। खान मंत्रालय के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.22 ग्रामीण विकास विभाग

मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का पूर्ण अनुपालन किया गया है। 'क' और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है 'ग' क्षेत्र में लक्ष्य प्राप्त किया गया है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है जब कि शत-प्रतिशत कार्मिकों को हिन्दी का ज्ञान है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। मंत्रालय की वेबसाइट के लगभग सभी लिंक में दी गई सूचना केवल अंग्रेजी में है। मंत्रालय के प्रतिनिधि ने कहा कि मंत्रालय द्वारा राजभाषा हिंदी के कार्यान्वयन पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है जिसके परिणामस्वरूप जून एवं सितंबर में हिंदी पत्रचार की प्रतिशतता बढ़ी है। उन्होंने बताया कि मंत्रालय की वेबसाइट को अद्यतन किए जाने का कार्य किया जा रहा है जिसे निकट भविष्य में सम्पन्न कर लिया जाएगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.23 भारत के नियंत्रक-महालेखा परीक्षक का कार्यालय

भारत के नियंत्रक-महालेखा परीक्षक का कार्यालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) का अनुपालन किया गया है लेकिन राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। कार्यालय द्वारा 'क' और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है लेकिन 'ग' क्षेत्र में लक्ष्य प्राप्त किया गया है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है जो कि सराहनीय है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति के गठन का कोई प्रावधान नहीं है। मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट के अधिकतर लिंक में दी गई सूचना द्विभाषी है। उनके कार्यालय की हिंदी सलाहकार समिति, विनिवेश विभाग, राजस्व विभाग के साथ संयुक्त रुप से है और इसका गठन प्रक्रियाधीन है। उन्होंने वेबसाइट को पूर्णतः द्विभाषी बनाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। भारत के नियंत्रक-महालेखा परीक्षक का कार्यालय के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.24 जनजातीय कार्य मंत्रालय

मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। लेकिन, 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है और न ही फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है। हालांकि, मंत्रालय में 100 प्रतिशत कार्मिकों को हिंदी का ज्ञान है। हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। मंत्रालय की वेबसाइट पर दी गई अधिकांश सूचना द्विभाषी नहीं है। मंत्रालय के प्रतिनिधि ने स्वीकार किया कि वेबसाइट आंशिक रुप से हिंदी में नहीं है। उन्होंने बताया कि मंत्रालय की वेबसाइट संबंधी अनुवाद कार्य स्तरीय नहीं था, इसलिए 20 हजार पृष्ठों का अनुवाद कार्य किया जा रहा है। जनजातीय कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.25 जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

विभाग की समीक्षा के दौरान पाया गया कि राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क' और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है 'ग' क्षेत्र में लक्ष्य प्राप्त किया गया है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण की प्रतिशतता भी लक्ष्य से बहुत कम है। मंत्रालय में 96.39 प्रतिशत कार्मिकों को हिंदी का ज्ञान है। हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। मंत्रालय की वेबसाइट पर दी गई अधिकांश सूचना केवल अंग्रेज़ी में है। मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार ने बताया कि वेबसाइट का काम बहुत ज्यादा है और यह काम एनआईसी देखता है। उन्होंने बाई डिफाल्ट हिंदी में वेबसाइट खुलने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। विभाग के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.26 डाक विभाग

डाक विभाग की समीक्षा में पाया गया कि विभाग द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क' और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार की प्रतिशतता निर्धारित लक्ष्य के करीब है जबकि 'ग' क्षेत्र में लक्ष्य को प्राप्ति किया गया है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण की प्रतिशतता कम है। मंत्रालय के सभी कार्मिकों को हिंदी का ज्ञान है। डाक विभाग की हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। हिंदी सलाहकार समिति की पहली बैठक आयोजित की जा चुकी हैं। विभाग की वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ पर दी गई अधिकांश सूचना हिंदी में उपलब्ध नहीं कराई गई है। प्रतिनिधि ने कहा कि विभाग के हिंदी के 13 में से 07 पद रिक्त हैं। उन्होंने कहा कि वेबसाइट को पूर्णतः द्विभाषी बनाने का कार्य चल रहा है। उन्होंने अनुवाद टूल कंठस्थ के प्रशिक्षण हेतु नामांकन भेजने का आश्वासन दिया। डाक विभाग के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.27 दूर संचार विभाग

मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। लेकिन, 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण की प्रतिशतता बहुत कम है जबकि लगभग शत प्रतिशत कार्मिकों को हिंदी का ज्ञान प्राप्त है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय में काफी कम हिंदी अधिकारी हैं जिससे दिक्कत आ रही है। प्रतिनिधि ने बताया कि हिंदी पत्राचार एवं अन्य कार्यकलापों में सुधार लाने का भी आश्वासन दिया। विभाग की वेबसाईट को भी पूणत: हिंदी में अद्यतित कराया जाएगा। विभाग के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.28 दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

समीक्षा में यह पाया गया कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) का एवं राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया। विभाग द्वारा 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है जबकि अधिकारियो को हिंदी में ज्ञान की प्रतिशतता 100 प्रतिशत है और फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। विभाग में हिंदी सलाहकार समिति का गठन नहीं किया गया है। मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट की समीक्षा करते यह पाया गया कि अधिकांश सामग्री द्विभाषी रूप में उपलब्ध है।

विभाग के प्रतिनिधि ने सूचित किया कि वेबसाइट को पूर्ण रूप से द्विभाषी बनाने हेतु एजेंसी का चयन किया जा चुका है और इस कार्य को शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने विभाग की हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन भी शीघ्र करने का आश्वासन दिया। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के

प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.29 न्याय विभाग

विभाग द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का प्रतिशत बहुत कम पाया गया जबकि शत प्रतिशत कामिकों को हिंदी का ज्ञान प्राप्त है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट के अधिकतर लिंक में दी गई कुछ सूचना केवल अंग्रेजी में है। विभाग की प्रतिनिधि ने मुख्यतः विभाग में हिंदी स्टाफ की कमी का उल्लेख किया जिसके कारण राजभाषा कार्यान्वयन में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पाई है। विभाग के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.30 नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। लेकिन, 'क' और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। 'ग' क्षेत्र में लक्ष्य को प्राप्त किया गया है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य भी प्राप्त नहीं हुआ है जबकि शत प्रतिशत कार्मिकों को हिंदी का ज्ञान प्राप्त है। मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। विभाग के प्रतिनिधि ने कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित जो भी कमियां बताई गई हैं उन्हें दूर करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। मंत्रालय के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.31 वस्त्र मंत्रालय

मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार लिए निर्धारित लक्ष्य से काफी कम है और फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य भी प्राप्त नहीं किया गया है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन नहीं किया गया है।

मंत्रालय के प्रतिनिधि ने अपने मंत्रालय की समीक्षा रिपोर्ट पर सहमति व्यक्त की और सूचित किया कि पिछले बैठक में पत्राचार बढाने के संबंध में चर्चा की गई है। कंठस्थ हेतु नामांकन भेजने का आश्वासन दिया गया और बताया कि हिंदी सलाहकार समिति के पुनर्गठन का कार्य आरंभ कर दिया गया है। वेबसाइट पर सूचना द्विभाषी रुप से डालने के प्रयास किए जाएंगे और वेबसाइट बाई डिफाल्ट हिंदी में खुलने के प्रयास तत्काल करेंगे। ई-सरल हिंदी वाक्य कोश हेतु 100 वाक्य मंत्रालय द्वारा राजभाषा विभाग को भेज दिए गए हैं। मंत्रालय के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन

राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.32 नागर विमानन मंत्रालय

मंत्रालय से कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं थे। इस कारण उनके मंत्रालय की मदों पर चर्चा/समीक्षा नहीं की जा सकी। सचिव, राजभाषा विभाग ने मंत्रालय को पत्र भेजने के निर्देश दिए।

6.33 निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग

मंत्रालय से कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं थे। इस कारण उनके मंत्रालय की मदों पर चर्चा/समीक्षा नहीं की जा सकी। सचिव, राजभाषा विभाग ने मंत्रालय को पत्र भेजने के निदेश दिए।

6.34 नीति आयोग

नीति आयोग ने राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) का अनुपालन किया गया। आयोग द्वारा 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है और न ही फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। आयोग की वेबसाइट की समीक्षा करते हुए यह पाया गया कि अधिकांश सामग्री केवल अंग्रेजी में उपलब्ध है। आयोग से आ।ए प्रतिनिधि ने सूचित किया कि आयोग की वेबसाइट नए सिरे से बनाई जा रही है और बाई डिफाल्ट हिंदी में वेबसाइट खोलने के प्रयास किए जाएंगे। नीति आयोग के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.35 पंचायती राज मंत्रालय

मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। लेकिन, 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। वेबसाइट के बारे में उन्होने बताया कि इसे पुनः तैयार किया जा रहा है और इसे हिंदी में तैयार करने का काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि मंत्रालय में हिंदी के 50 प्रतिशत पद रिक्त हैं। उन्होने सचिव, राजभाषा विभाग से इन्हें भरने का अनुरोध किया। प्रतिनिधि ने यह भी सूचित किया कि मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। मंत्रालय के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.36 पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय

मंत्रालय से कोई भी प्रतिनिधि उपस्थित नहीं थे। इस कारण उनके मंत्रालय की मदों पर चर्चा/समीक्षा नहीं की जा सकी।

6.37 पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

मंत्रालय की समीक्षा में पाया गया कि मंत्रालय द्वारा 'क' और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है और 'ग' क्षेत्र में लक्ष्य को प्राप्त किया गया है। मंत्रालय द्वारा फाइलों पर हिंदी में टिप्पणी की प्रतिशतता भी लक्ष्य के करीब है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। मंत्रालय की वेबसाइट की समीक्षा करते हुए यह पाया गया कि अधिकांश सामग्री केवल अंग्रेज़ी में उपलब्ध है। मंत्रालय के प्रतिनिधि ने सर्वप्रथम अवगत करवाया कि मंत्रालय के संयुक्त सचिव, माननीय मंत्री जी के साथ बैठक में होने के कारण उपस्थित नहीं हो सके। प्रतिनिधि ने ई-आफिस को पत्राचार में शामिल करने का सुझाव दिया। उन्होंने यह भी बताया कि उनके मंत्रालय को ई-आफिस के लिए द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। उन्होंने अगली बैठक में अपेक्षाओं के अनुरुप परिणाम मिलने का आश्वासन दिया। मंत्रालय के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.38 पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। लेकिन, 'क' और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। 'ग' क्षेत्र में लक्ष्य को प्राप्त किया गया है। मंत्रालय द्वारा फाइलों पर हिंदी में टिप्पणी की प्रतिशतता 71.33 प्रतिशत है जिसे पूरा किया जा सकता है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन नहीं किया गया है। मंत्रालय की वेबसाइट की समीक्षा करते हुए यह पाया गया कि कुछ सामग्री केवल अंग्रेज़ी में उपलब्ध है। विभाग के प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि वेबसाइट के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के लिए एनआईसी से बातचीत चल रही है। मंत्रालय के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.39 परमाणु ऊर्जा विभाग

परमाणु ऊर्जा विभाग द्वारा 'क' एवं 'ख' क्षेत्रों में हिन्दी पत्राचार लक्ष्य से कम है तथा 'ग' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लक्ष्य को प्राप्त किया गया है। विभाग द्वारा फाइलों पर हिंदी में टिप्पणी का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। विभाग के प्रतिनिधि ने अवगत करवाया कि संयुक्त सचिव अन्य बैठक में व्यस्त होने के कारण इस बैठक में उपस्थित नहीं हो सके। उन्होंने आगे बताया कि विभाग की वेबसाइट तैयार हो गई है और उसका सिक्युरिटी ऑडिट चल रहा है। उन्होने कहा कि वेबसाइट बाई डिफाल्ट हिंदी में खुलेगी। हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन अंतरिक्ष विभाग के साथ संयुक्त सलाहकार समिति जिसका पुनर्गठन हो चुका है। परमाणु ऊर्जा विभाग के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.40 पर्यटन मंत्रालय

मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) एवं नियम 5 का पालन किया गया है। 'क', 'ख' क्षेत्र में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण की प्रतिशतता संबंधी लक्ष्य भी प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने सूचित किया कि वेबसाइट को नए सिरे से तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कनिष्ठ अनुवाद अधकारी के पद को भरने का भी अनुरोध किया। मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। मंत्रालय के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.41 पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

मंत्रालय द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण की प्रतिशतता सिर्फ 19.31 प्रतिशत है जो लक्ष्य से काफी कम है। मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। विभाग के प्रतिनिधि ने बताया कि उनके मंत्रालय के सरकारी कामकाज में टिप्पण हिंदी में करने के लिए कार्मिकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होने कहा कि मंत्रालय की वेबसाइट बाई डिफाल्ट हिंदी में वेबसाइट खुलवाने के लिए प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंत्रालय ने एक मोबाइल एप्प भी लांच किया है। सचिव, राजभाषा विभाग ने उनसे अनुरोध किया कि मोबाइल एप्प एवं ई- सरल वाक्य कोश का विस्तृत ब्यौरा राजभाषा विभाग को उपलब्ध करवा दें। मंत्रालय के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.42 प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग

विभाग द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) का अनुपालन किया गया है परंतु वर्ष 2020-21 में राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का उल्लंघन हुआ है। 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है और न ही फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है जबकि शत प्रतिशत कार्मिकों को हिंदी का ज्ञान प्राप्त है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। मंत्रालय की वेबसाइट के कुछ लिंक में दी गई सूचना केवल अंग्रेजी में है। विभाग के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.43 पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग

विभाग की समीक्षा में पाया गया कि विभाग द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क' और 'ख' क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है तथा 'ग' क्षेत्र में लक्ष्य प्राप्त किया गया है जो कि लक्ष्य

के करीब है। फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है जबकि शत प्रतिशत कार्मिकों को हिंदी का ज्ञान प्राप्त है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो किया गया है। मंत्रालय की वेबसाइट के कुछ लिंक में दी गई सूचना केवल अंग्रेजी में है। मंत्रालय के संयुक्त सचिव ने आश्वासन दिया कि द्विभाषी वेबसाइट शीघ्र तैयार करा ली जाएगी। सचिव, राजभाषा विभाग ने विभाग के प्रतिनिधि से अनुरोध किया कि लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करवाएं। विभाग के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

6.44 पशुपालन, डेयरी और मत्स्यपालन विभाग

विभाग द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) और राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन किया गया है। 'क', 'ख' और 'ग' तीनों क्षेत्रों में हिंदी में पत्राचार के लिए निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया है और न ही फाइलों पर हिंदी में टिप्पण का लक्ष्य प्राप्त किया गया है जबकि शत प्रतिशत कार्मिकों को हिंदी का ज्ञान प्राप्त है। विभाग में हिंदी में कार्य करने वाले आशुलिपिकों की प्रतिशतता बहुत कम है। मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। मंत्रालय की वेबसाइट के कुछ लिंक में दी गई सूचना केवल अंग्रेजी में है। विभाग के प्रतिनिधि ने अवगत करवाया कि उनके विभाग में हिंदी आशुलिपिकों की प्रतिशतता अब बढ़ाई गई है। उन्होंने बताया कि यह एक नया विभाग बना है जो पहले कृषि मंत्रालय के साथ था। द्विभाषी वेबसाइट बनाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

विभाग के प्रतिनिधि द्वारा हिंदी के पदों के संबंध में सूचना मांगी गई जिसके संबंध में विभाग द्वारा स्पष्टीकरण भेजा जायेगा। हिंदी सलाहकार समिति के गठन के प्रस्ताव संबंधी संकल्प का मसौदा सर्वप्रथम राजभाषा विभाग को भेजें। राजभाषा विभाग इस संकल्प के मसौदे पर माननीय गृह मंत्री के अनुमोदन के उपरांत, राजभाषा विभाग की ओर से नामित किए जाने वाले तीन गैर सरकारी सदस्यों के नाम शामिल करते हुए अनुमोदित संकल्प को संबंधित मंत्रालय/विभाग को भेजेगा। तत्पश्चात, संबंधित मंत्रालय/विभाग द्वारा अपने माननीय मंत्री से इस संकल्प पर अनुमोदन लिया जाएगा। विभाग के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए सुझावों को पूरा करने का आश्वासन राजभाषा विभाग को दिया गया साथ ही 'कंठस्थ-2.0' के प्रशिक्षण एवं प्रयोग का आश्वासन भी दिया गया।

